>

Title: Request to counter alleged digital aggression by China.

श्री अधीर रंजन चौधरी (बहरामपुर): सर, हमारे देश के राष्ट्रपति जी से लेकर राष्ट्रदूत तक, प्राइम मिनिस्टर से लेकर पत्रकार तक, राजा से प्रजा तक सब चाइनीज निरीक्षण के चंगुल में फंस गए हैं । इससे निपटने के लिए कोई रास्ता है या नहीं, मुझे पता नहीं है । लेकिन यह सही है कि हमारे देश में कोरोना की एग्रेसन चाइना से हुई, हमारे देश में लद्दाख में फिजिकल एग्रेसन चाइना कर रहा है, अब डिजिटल एग्रेसन भी चाइना कर रहा है। जो आज इस निरीक्षण के चंगुल में सारा देश फंस गया है, क्या इस सरकार को पता नहीं है? अगर बाहर से कोई कंपनी इस तरह से निरीक्षण करती रहे तो हमारी नेशनल सिक्योरिटी कहां जाएगी? हमारी नेशनल सिक्योरिटी तार-तार हो रही है ।...(व्यवधान) सर, हमारी नेशनल सिक्योरिटी तार-तार हो रही है। ...(व्यवधान) हमारे आईटी मिनिस्टर यहां हैं, मैं उनसे दरख्वास्त करूंगा । ...(व्यवधान) सर, मेरी बात खत्म हो गई ।...(व्यवधान) मैं आईटी मिनिस्टर से दरख्वास्त करूंगा that there should be an impregnable firewall to resist this new menacing syndrome.

I would also like the hon. Minister to elucidate, to explain the issue in Parliament.

Thank you.

____

माननीय अध्यक्ष: आइटम नम्बर 11, श्री भानु प्रताप सिंह वर्मा ।

...(व्यवधान)

HON. SPEAKER: No. Please be seated.

-

-